HINDUSTAN PAGE 6

एलयू: पीजी प्रवेश परीक्षा आज से शुरू, इस बार आवेदन बढ़े

लखनऊ, कार्यालय संवाददाता। लखनऊ विश्वविद्यालय में पीजी प्रवेश परीक्षा 10 से 17 सितम्बर तक होनी है। पीजी की 4717 सीटों के लिए 28504 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया है। 2022 में आवेदनों की संख्या बढ़ी है। वर्ष 2021 में पीजी में प्रवेश के लिए 24684 अभ्यर्थियों और वर्ष 2020 में 19,664 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया था। इस बार पिछले साल की तुलना में तीन हजार से अधिक आवेदन हैं लेकिन कई विषय ऐसे हैं जिनमें सीटों से कम उम्मीदवार हैं।

शनिवार से शुरू हो रही पीजी प्रवेश परीक्षा के लिए पहले दिन सुबह की पाली में 11.30 बजे से दोपहर एक बजे तक एमएड की परीक्षा होगी। वहीं दूसरी पाली में शाम 4.30 से 5.30 तक कम्पयूटर साइंस, फूड प्रोसेसिंग एण्ड फूड टेक्नोलॉजी और पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन की परीक्षा होगी। एमएड की 20 सीटों पर1675 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया है। वहीं फूड प्रोसेसिंग एण्ड फूड टेक्नॉलीजी की 30 सीटों के लिए 166, कम्पयूटर साइंस की 20 सीटों के लिए 100 , पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन की 85 सीटों के लिए 245 आवेदन आए हैं।

इन विषयों में प्रवेश आसान

आचार्य की 20 सीटों के लिए पांच आवेदन आए हैं। अरब कल्चर की 30 सीटों के लिए19 आवेदन हैं। अरेबिक में 30 सीट के लिए 33 आवेदन हैं। एमए बिजनेस इकोनॉमिक्स के प्रति भी रुझान कम है। इसमें साठ सीटों के लिए सिर्फ 19 अभ्यर्थियों ने ही रुचि दिखायी है। एमए फ्रेंच की दस सीट पर 11, ज्योतिर्विज्ञान की 20 सीटों के लिए 30 आवेदन हैं।

लविवि वाटर टेस्टिंग में भी सहयोग करेगा

लखनऊ। वाटर टेस्टिंग, भूजल स्तर व गुणवत्ता प्रबंधन में अब लविवि का भूगर्भ विज्ञान विभाग सहयोग देगा। इसके लिए प्रदेश सरकार के भूगर्भ जल विभाग के साथ एमओयू किया गया। इस पर लविवि के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय व भूजल विभागाध्यक्ष डॉ. वीके उपाध्याय ने हस्ताक्षर किए। प्रो. राय ने बताया कि विवि भौतिक रासायनिक परीक्षण, भारी धातु के विश्लेषण, जीवाणु पैरामीटर परीक्षण में सहयोग देगा। तीन साल के समझौते के तहत व्यापक रूप से सैंपलिंग होगी, जिससे विवि को आय भी होगी। भूगर्भ विज्ञान विभागाध्यक्ष प्रो. अजय मिश्रा ने कहा कि भूजल दोहन व शुद्धता पर्यावरण की दृष्टि से अत्यधिक महत्वपूर्ण है। (माई सिटी रिपोर्टर)

एलयू और भूगर्भ जल विभाग ने किया अनुबंध

■ एनबीटी, लखनऊ : भूजल दोहन, विकास, संचयन और संरक्षण के लिहाज से लखनऊ यूनिवर्सिटी और भूगर्भ जल विभाग के बीच शुक्रवार को तीन साल का अनुबंध हुआ। समझौते में सैंपल टेस्टिंग की जाएगी जिससे एलयू को आर्थिक आय भी होगी। कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय और भूजल विभागाध्यक्ष डॉ. वीके उपाध्याय ने समझौते पर हस्ताक्षर किए। इस बीच भूविज्ञान विभाग के प्रो. अजय मिश्रा मौजूद रहे।

NBT PAGE 7

लखनऊ | नवभारत टाइम्स। कानपुर (कानपुर व लखनऊ में एक साथ प्रसारित)। शनिवार, 10 सितंबर 2022

एमएड में एक सीट पर होंगे 83 दावेदार

■ एनबीटी, लखनऊ : लखनऊ यूनिवर्सिटी के पीजी पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए पिछले तीन साल में इस बार सबसे अधिक आवेदन आए हैं। पीजी की 4,717 सीटों पर दाखिले के लिए एलयू को 28,504 आवेदन फॉर्म मिले हैं, जबकि साल 2021 में कुल 24,684 और साल 2020 में 19,664 आवेदन आए थे।

■ पीजी की 4,717 सीटों पर आए 28,504 आवेदन
■ 17 सितंबर तक 30 से ज्यादा कोर्स में 4,717 सीटों पर होगी प्रवेश परीक्षा

पीजी में इस बार सबसे ज्यादा 2504 आवेदन एलएलएम पाठ्यक्रम में आए हैं। एमएड में 1675 और एमकॉम में दाखिले के लिए 1581 उम्मीदवारों ने फॉर्म भरा है। एलयू के अधिकारियों के अनुसार, एलयू-संबद्ध कॉलेजों के साथ विवि की केंद्रीकृत पीजी प्रवेश की वजह से आवेदन करने वालों की संख्या बढ़ है। साथ ही नैक मूल्यांकन से ए++ ग्रेड हासिल करने से भी एलयू विद्यार्थियों की पहली पसंद बना है। एमएड में एक सीट पर प्रवेश के लिए सबसे ज्यादा लड़ाई होगी। 20 सीटों पर दाखिले के लिए 1675 आवेदन आए हैं। इस तरह एक सीट पर 83 उम्मीदवार प्रवेश के लिए प्रतिस्पर्धा करते दिखाई देंगे। वहीं, एलएलएम की 60 सीटों पर प्रवेश के लिए 2504 उम्मीदवारों ने आवेदन किया है।

एलयू में पीजी में दाखिले के लिए सबसे ज्यादा आवेदन

एलयू में पीजी की केंद्रीयकृत दाखिला परीक्षा आज से

■ एनबीटी, लखनऊ: लखनऊ यूनिवर्सिटी की पीजी सेंट्रलाइज्ड दाखिला परीक्षा शनिवार से शुरू होगी। पहले दिन शनिवार को करीब 1600 उम्मीदवार मास्टर इन एजुकेशन कोर्स में प्रवेश के लिए दो पालियों में परीक्षा देंगे। 30 से अधिक पाठ्यक्रमों में 4,717 सीटों पर प्रवेश के लिए दाखिला परीक्षा 17 सितंबर तक जारी रहेगी। प्रवेश परीक्षा में मिले स्कोर अंकों के तहत उम्मीदवार एलयू और लगभग एक दर्जन एलयू-संबद्ध कॉलेजों में प्रवेश के लिए दावेदारी कर सकेंगे। एलयू एडमिशन कोआर्डिनेटर पंकज माथुर ने बताया कि उम्मीदवार को निर्धारित समय से एक घंटे पहले परीक्षा केंद्र पर पहुंचना होगा।

नेशनल कॉलेज में लुआक्सेट के तहत काउंसलिंग शुरू

■ एनबीटी, लखनऊ : नेशनल पीजी कॉलेज में शुक्रवार को लुआक्सेट के तहत वीकॉम में दाखिले की काउंसलिंग शुरू कर दी गई। नेशनल राजधानी का इकलौता महाविद्यालय है, जो शहर के छह कॉलेजों के लिए लुआक्सेट के जरिए दाखिला प्रक्रिया संचालित कर रहा है। इनमें कॉलेज ऑफ इन्नोवेटिव मैनेजमेंट एंड सांइस, दयाल ग्रुप आफ इंस्टिट्यूट, लखनऊ पब्लिक कॉलेज ऑफ प्रोफेशनल स्टडीज, मॉडर्न गर्ल्स कॉलेज ऑफ प्रोफेशनल स्टडीज और श्री शारदा इंस्टिट्यूट ऑफ प्रोफेशनल स्टडीज शामिल हैं। नेशनल कॉलेज के प्राचार्य प्रो. देवेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि लुआक्सेट के तहत वीकॉम में दाखिले की काउंसलिंग शुरू कर दी गई है। छात्र-छात्राओं को अपनी काउंसलिंग के लिए सभी मूल प्रमाण पत्रों के वेरिफिकेशन के साथ प्रदर्शित कॉलेजों की सीटों में से अपनी वरीयता के अनुसार कॉलेज चयन करते हुए वीकॉम में प्रवेश दिया जा रहा है। वहीं नेशनल कॉलेज में सत्र 2022-23 के वीएससी (मैथ्स ग्रुप) में 300 सीटों में 95 सीटों पर भी दाखिला प्रक्रिया पूरी हुई।

भाषा विवि में खाली सीटों पर ले सकेंगे सीधा प्रवेश

■ एनबीटी, लखनऊ: भाषा विवि में एमवीए और एमसीए को छोड़कर यूजी, पीजी, डिप्लोमा कोर्स और एलएलएम की खाली सीटों पर अब सीधे प्रवेश दिए जाएंगे। विवि की परीक्षा नियंत्रक डॉ. भावना मिश्रा ने बताया कि जिन अभ्यर्थियों के नाम मेरिट सूची में आया हो या जो स्टूडेंट रजिस्ट्रेशन के बाद वह सीधे प्रवेश लेना चाहते हों, वे अपने समस्त मूल प्रमाण पत्रों और अंक पत्र के साथ काउंसलिंग में हिस्सा ले सकते हैं। ऐसे स्टूडेंट्स को 14 सितंबर तक शुल्क जमा कर प्रवेश सुनिश्चित करना होगा।

1807 ने दिया पैरामेडिकल एंट्रेंस टेस्ट

■ एनबीटी, लखनऊ: लखनऊ यूनिवर्सिटी और अटल विहारी वाजपेई मेडिकल यूनिवर्सिटी के कंबाइंड पैरामेडिकल एंट्रेंस टेस्ट में शुक्रवार को 2082 उम्मीदवारों में कुल 1807 अभ्यर्थी शामिल हुए। इसके लिए एलयू में जेके ब्लॉक, पीजी ब्लॉक, न्यू कामर्स ब्लॉक-ए और न्यू कामर्स ब्लॉक-बी में परीक्षा केंद्र बनाए गए थे।

i-NEXT PAGE 4

शुद्ध भूजल पर हुआ समझौता

lucknow@inext.co.in

LUCKNOW (9 Sept): भूजल दोहन, विकास, संचयन एवं संरक्षण के संदर्भ में लखनऊ यूनिवर्सिटी एवं भूगर्भ जल विभाग द्वारा एक समझौता पत्र हस्ताक्षरित हुआ. यूनिवर्सिटी के वीसी प्रो. आलोक कुमार राय व भूजल विभागाध्यक्ष डॉ. वीके उपाध्याय ने समझौते पर हस्ताक्षर किये. तीन वर्ष के इस समझौते में प्रति वर्ष 50 लाख तक के सैंपल टेस्टिंग की अपेक्षा होगी. यूनिवर्सिटी भूगर्भ विभाग जल नमूना परीक्षण में सहायता प्रदान करेगा. भौतिक रसायनिक परीक्षण भारी धातु विश्लेषण, जीवाणु पैरामीटर परीक्षण में यह सहयोग देगा. भूजल स्तर व गुणवत्ता के दीर्घकालीन प्रबंधन में यह एक प्रमुख भूमिका निभायेगा. दोनों संस्थायें संयुक्त परियोजनाओं का संचालन करेगी, जिसमें शोध द्वारा बौद्धिक संपदा का उत्पादन होगा.

320 सीटों के लिए 5786 दावेदार

एलयू ने जारी की तीन साल के कोर्सवार आवेदन की रिपोर्ट, बीते तीन सालों में सबसे ज्यादा आवेदन इस बार मिले

lucknow@inext.co.in

LUCKNOW (9 Sept): लखनऊ यूनिवर्सिटी में एकेडमिक सेशन 2022-23 के पोस्ट ग्रेजुएट कोर्सेज में एडमिशन के लिए इस बार रिकार्ड आवेदन प्राप्त हुए हैं. ये आवेदन बीते तीन सालों में सबसे ज्यादा हैं. पोस्ट ग्रेजुएट व डिप्लोमा के 73 कोर्सेज की 4717 सीटों के सापेक्ष 28,504 कैंडीडेट्स ने इस बार एलयू में एडमिशन के लिए रजिस्ट्रेशन कराया है. एलयू की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार एलएलबी, एलएलएम व साइंस के कोर्सेज में सीटों के सापेक्ष आवेदन की संख्या कई गुना अधिक है. वहीं, कुछ विषयों में सीटों से कम आवेदन की संख्या है. शनिवार को यूनिवर्सिटी ने तीन साल के आवेदन की कोर्सवार रिपोर्ट जारी की. पिछले साल की अपेक्षा 3820 आवेदन बढ़े हैं. सबसे ज्यादा मांग एलएलबी की है, इस कोर्स की 320 सीटों पर 5786 दावेदार है. वहीं, एलएलएम में 60 सीटों के सापेक्ष 2504 कैंडीडेट्स ने आवेदन किया है. कुछ ऐसे कोर्स भी हैं, जिनमें सीटों के सापेक्ष आवेदन ही नहीं आए हैं. आचार्य की 20 सीटों पर सिर्फ पांच आवेदन आए. एमए अरब कल्चर 30 सीटों पर 19, एमए बिजनेस इकोनामिक्स की 60 सीटों पर 19, एमए लिंग्विस्टिक्स 30 पर 17, एमए पर्शियन 30 पर 15, एमए वूमेंस स्टडीज 30 पर नौ, एमए पब्लिक पॉलिसी एंड गवर्नेंस में 30 सीटों पर 31 आवेदन हैं.

एलयू में प्रमुख कोर्स और सीटवार आवेदन की स्थिति

कोर्स	सीटें	आवेदन
एमबीए-एमटीटीएम	720	2319
एमएड	20	1675
एमकाम (कामर्स)	180	1581
एमएससी जूलाजी	50	945
एमएससी बायोटेक्नोलाजी	30	384
एमए इकोनामिक्स	60	545
एमए अंग्रेजी	200	718
एमए एमआइएच	90	534
एमए पालिटिकल साइंस	120	898,
एमए सोशियोलाजी	120	610
एमए इकोनामिक्स	60	545
एमए एमआइएच	90	534
बीलिबआइएससी	40	130

तीन साल में आवेदन

कुल सीटें : 4,717
वर्ष 2020 : 19,664 आवेदन
वर्ष 2021 : 24,684 आवेदन
वर्ष 2022 : 28,504 आवेदन

JAGRAN CITY PAGE II & III

लवि करेगा भूगर्भ जल के नमूनों की जांच

जासं, लखनऊ: लखनऊ विश्वविद्यालय ने भूजल दोहन, विकास, संचयन एवं संरक्षण के संदर्भ में भूगर्भ जल विभाग के साथ शुक्रवार को एमओयू किया। लवि के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय और भूजल विभागाध्यक्ष डा. वीके उपाध्याय ने समझौते पर हस्ताक्षर किए। इसके अंतर्गत अब भूगर्भ विज्ञान पानी के नमूनों के परीक्षण में सहायता करेगा। साथ ही भौतिक रसायनिक परीक्षण, भारी धातु विश्लेषण, जीवाणु पैरामीटर परीक्षण में भी सहयोग देगा। जलीय नमूनों की जांच कर रिपोर्ट दी जाएगी।

लखनऊ विश्वविद्यालय में शुक्रवार को कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय एवं भूजल विभागाध्यक्ष डा. वीके उपाध्याय ने एमओयू साइन किया ● सौजन्य से लवि

विश्वविद्यालय के प्रवक्ता डा. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि भूजल स्तर व गुणवत्ता के दीर्घकालीन प्रबंधन में यह एमओयू एक प्रमुख भूमिका निभायेगा। दोनों संस्थाएं संयुक्त परियोजनाओं का संचालन करेंगी, जिसमें शोध द्वारा बौद्धिक संपदा का उत्पादन होगा।

लवि में हुआ व्याख्यान

: लखनऊ विश्वविद्यालय के संस्कृत तथा प्राकृत भाषा विभाग की ओर से शुक्रवार को एक विशिष्ट व्याख्यान का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय शिक्षा नीति- भारतीयता की पुनर्स्थापना का प्रयास विषय पर हुए व्याख्यान में मुख्य वक्ता अवध विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो. मनोज दीक्षित ने विचार रखे। यहां डा. अशोक शतपथी, डा. अभिमन्यु सिंह, डा. ऋचा पांडेय सहित अन्य शिक्षक उपस्थित रहे।

1807 ने दी सीईटी

लखनऊ: लखनऊ विश्वविद्यालय में शुक्रवार को अटल बिहारी वाजपेयी मेडिकल यूनिवर्सिटी की ओर से पैरा मेडिकल पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए संयुक्त प्रवेश परीक्षा (सीईटी)-2022 आयोजित की गई। परीक्षा के लिए परिसर में जेके ब्लाक, पीजी ब्लाक, न्यू कामर्स ब्लाक और न्यू कामर्स ब्लाक-बी सहित चार केंद्र बनाए गए थे। इन पर पंजीकृत 2082 के सापेक्ष 1807 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी। 275 अनुपस्थित रहे। (जासं)

प्रयोगात्मक परीक्षा से छूटे छात्रों को मौका

जासं, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के केमेस्ट्री विभाग ने बीएससी द्वितीय सेमेस्टर के छूटे हुए विद्यार्थियों को एक मौका देने की तैयारी है। विभागाध्यक्ष प्रो. अनिल मिश्रा ने लखनऊ, हरदोई, रायबरेली, लखीमपुर खीरी व हरदोई के सभी कालेजों से बीएससी द्वितीय सेमेस्टर के ऐसे विद्यार्थियों की सूची 19 सितंबर तक देने के लिए कहा है, जिनकी प्रयोगात्मक परीक्षाएं छूट गई हैं। शुक्रवार को इसका नोटिफिकेशन जारी किया गया है। साफ कहा गया है कि जिन कालेजों से विवरण नहीं आएगा, उनकी प्रयोगात्मक परीक्षा कराना संभव नहीं होगा।

THE PIONEER PAGE 3

MoU SIGNED

An MoU was signed between the University of Lucknow and Groundwater department on Friday. The university will assist the department in groundwater sample testing. The presence of heavy metals and microbes will be tested and joint reports prepared. The two organisations will jointly research and enhance the body of knowledge. LU Vice-Chancellor Prof AK Rai and director of Groundwater department Dr VK Upadhyay signed the MoU.

RASHTRIAYA SAHARA PAGE 5

लविवि की कई पीजी सीटों पर नहीं होगी लड़ाई

लखनऊ (एसएनबी)। लखनऊ विश्वविद्यालय की प्रवेश परीक्षा के कई पाठ्यक्रमों के लिए अभ्यर्थी ही नहीं मिल पा रहे हैं। आचार्य की 20 सीटों के लिए सिर्फ पांच ही आवेदन आए हैं। अरब कल्चर की 30 सीटों के लिए मात्र 19 ने ही आवेदन किया है। अरेबिक के लिए 30 सीट के लिए 33 ही आवेदन करने वाले हैं। एमए बिजनेस इकोनॉमिक्स के प्रति भी रुझान कम है। इसमें साठ सीटों के लिए सिर्फ 19 अभ्यर्थियों ने ही रुचि दिखायी है। इसी तरह एमए फ्रेंच की दस सीट पर 11, ज्योतिर्विज्ञान की 20 सीटों के लिए 30, वीमेन स्टडीज की 30 सीटों के लिए नौ, लिंग्विस्टिक की 30 सीटों के लिए 17, पर्शियन 30 सीटों पर 15, संस्कृत की 60 सीटों पर 85, एमएससी रिकुवल एनर्जी 25 सीटों पर 28 छात्रों ने फॉर्म भरे हैं।

10 से 17 सितंबर तक होगी है परीक्षा : लखनऊ विश्वविद्यालय में पीजी प्रवेश परीक्षा में 10 से 17 सितम्बर तक होगी है। पीजी की 4717 सीटों के लिए 28,504 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया है। आवेदन के मामले में लविवि में पिछले दो साल की तुलना में 2022 में आवेदनों की संख्या बढ़ी है। वर्ष 2021 में पीजी में प्रवेश के लिए 24,684 अभ्यर्थियों और वर्ष 2020 में 19,664 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया था। कुल आवेदन की संख्या में पिछले साल की तुलना में तीन से हजार अधिक आवेदन ज्यादा हैं। शनिवार से शुरू हो रही पीजी प्रवेश परीक्षा के पहले दिन सुबह की पाली 11.30 बजे से दोपहर एक बजे तक एमएड के लिए परीक्षा होगी। वही दूसरी पाली शाम 4.30 से 5.30 तक में कम्पयूटर साइंस, फूड प्रोसेसिंग एण्ड फूड टेक्नोलॉजी और पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन विषय के लिए परीक्षा होगी। एमएड की 20 सीटों के लिए 1675 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया है। वही फूड प्रोसेसिंग एण्ड फूड टेक्नोलॉजी की 30 सीटों के लिए 166, कम्पयूटर साइंस की 20 सीटों के लिए 100 , पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन की 85 सीटों के लिए 245 आवेदन आए है।

जल नमूना परीक्षण में सहायता देगा भूगर्भ विभाग

लखनऊ । भूजल दोहन, विकास, संचयन एवं संरक्षण के संदर्भ में लखनऊ विश्वविद्यालय एवं भूगर्भ जल विभाग, उत्तर प्रदेश द्वारा शुक्रवार को एक समझौता पत्र हस्ताक्षरित हुआ। विभागाध्यक्ष प्रो.अजय मिश्रा ने बताया कि लखनऊ विश्वविद्यालय का भूगर्भ विभाग जल नमूना परीक्षण में सहायता देगा। भौतिक रसायनिक परीक्षण भारी धातु विश्लेषण, जीवाणु पैरामीटर परीक्षण में यह सहयोग देगा।

भूजल स्तर व गुणवत्ता के दीर्घकालीन प्रबंधन में यह एक प्रमुख भूमिका निभायेगा। दोनों संस्थायें संयुक्त परियोजनाओं का संचालन करेगी, जिसमें शोध द्वारा बौद्धिक संपदा का उत्पादन होगा एवं कर्मचारियों को ज्ञान आधारित प्रशिक्षण की भी व्यवस्था की जायेगी। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय एवं भूजल विभागाध्यक्ष डॉ. वी.के.उपाध्याय ने समझौते पर हस्ताक्षर किये। तीन वर्ष के इस समझौते में वृहद् रूप से सैम्पल टेस्टिंग की जाएगी और जिससे लखनऊ विश्वविद्यालय को आर्थिक आय भी होगी। इस एमओयू के दौरान विभागाध्यक्ष प्रो.अजय मिश्रा एवं डाक्टर राजेश सिंह तथा भूगर्भ जल विभाग अमोद कुमार व पुनीत मौर्या तथा जैनेंद्र कुमार मौजूद रहे।

PIONEER PAGE 3

पैरामेडिकल की प्रवेश परीक्षा संपन्न, 275 अभ्यर्थी अनुपस्थित

लखनऊ। पैरामेडिकल कोर्सों में दाखिले को लेकर शुक्रवार को अटल बिहारी वाजपेई मेडिकल यूनिवर्सिटी की तरफ से आयोजित कंबाइंड पैरामेडिकल एंट्रेंस एग्जाम 2022 शान्तिपूर्ण ढंग से लखनऊ विश्वविद्यालय में सम्पन्न कराई गयी। प्रवेश परीक्षा को लेकर विवि में चार परीक्षा केन्द्र बनाये गये थे। कंबाइंड पैरामेडिकल एंट्रेंस एग्जाम 2022 को लेकर समाज कार्य विभाग के प्रो डी के सिंह को केन्द्र अधीक्षक बनाया गया था। जबकि उप केन्द्र अधीक्षक की जिम्मेदारी प्रो मनोज अग्रवाल प्रो अनूप कुमार भारतीय प्रो रूपेश कुमार डॉ रजनीश कुमार यादव डॉ संध्या यादव डॉ गरिमा सिंह डॉ शिखा सिंह डॉ ओमेंद्र कुमार यादव डॉ दिवाकर यादव डॉ अवधेश नारायण ने निभाई। विश्वविद्यालय में बनाये गये चार परीक्षा केन्द्रों जेके ब्लाक पीजी ब्लाक न्यू कामर्स ब्लॉक ए, न्यू कामर्स ब्लाक बी में कुल 2082 में से 1807 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी तथा 275 अनुपस्थित रहे। परीक्षा के दौरान अटल बिहारी वाजपई मेडिकल यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रो एके सिंह रजिस्ट्रार उदय सिंह डीन मेडिकल ऐंड डेन्टल डॉ लोकेश अग्रवाल परीक्षा केंद्र पर उपस्थित रहे।

अब लखनऊ विश्वविद्यालय भी करेगा पानी की जांच

● भूगर्भ जल विभाग व लखनऊ विश्व विद्यालय के मध्य समझौता पत्र हस्ताक्षरित

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

भूजल दोहन, विकास, संचयन एवं संरक्षण को देखते हुए लखनऊ विश्वविद्यालय का भूगर्भ जल विभाग पानी की टेस्टिंग करेगा। जिससे विवि को आर्थिक आय होगी। इसको लेकर शुक्रवार को विवि एवं भूगर्भ जल विभाग के बीच एक समझौता पत्र पर हस्ताक्षर किया गया।

विश्वविद्यालय भूगर्भ विभाग जन नमूना परीक्षण में सहायता प्रदान करेगा। साथ ही भौतिक रसायनिक परीक्षण, भारी धातु विश्लेषण, जीवाणु पैरामीटर परीक्षण में यह सहयोग देगा। इसके अलावा भूजल स्तर व गुणवत्ता के दीर्घकालीन प्रबंधन में यह एक प्रमुख भूमिका निभायेगा। दोनों संस्थायें संयुक्त परियोजनाओं का संचालन करेगी, जिसमें शोध द्वारा बौद्धिक संपदा का उत्पादन होगा एवं कर्मचारियों को ज्ञान आधारित प्रशिक्षण की भी व्यवस्था की जायेगी। अनुबंध पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो आलोक कुमार राय एवं भूजल विभागाध्यक्ष डॉ वीके उपाध्याय ने समझौते पर हस्ताक्षर किये। इस मौके पर भूगर्भ विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. अजय मिश्रा, डॉ राजेश सिंह आदि उपस्थित रहे। बता दें कि विवि का भूगर्भ विज्ञान विभाग एक प्रतिष्ठित विभाग है, जिसका योगदान भारत की अनेक महत्वपूर्ण संस्थाओं को प्राप्त है। जैसे ओएनजीसी, एमएमटीसी, जीएसआई, बीरबल साहनी, प्रो आईबी सिंह, प्रो एमपी सिंह जैसे वरिष्ठ विद्वानों ने इस विभाग का गौरव बढ़ाया है।

सिर्फ 3 फीसद ही पीने योग्य है पानी: प्रो. अरोरा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

राष्ट्रीय पोषण माह के उपलक्ष्य में बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर केन्द्रीय विश्वविद्यालय के गृह विज्ञान विभाग द्वारा शुक्रवार से व्याख्यान श्रृंखला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर गृह विज्ञान संकाय की डीन प्रो सुनीता मिश्र तथा पृथ्वी एवं पर्यावरण संकाय के डीन प्रो नवीन कुमार अरोरा ने संबोधित किया। प्रो नवीन अरोरा ने जल संरक्षण एवं प्रबंधन विषय पर चर्चा करते हुए कहा कि धरती पर पानी के कारण ही जीवन संभव हुआ है। लेकिन सिर्फ 3 प्रतिशत पानी ही पीने योग्य है। वक्त के साथ बढ़ती मानव गतिविधियों और जनसंख्या ने पर्यावरण को क्षति पहुँचाई है, जिसके कारण पानी का संकट भी गहरा गया है। बढ़ती जनसंख्या और औद्योगिकीकरण ने सम्पूर्ण पृथ्वी के लिए पर्यावरणीय समस्या खड़ी कर दी है। बढ़ते खाद्यानों की मांग से कृषि की जरूरत बढ़ी है। कृषि के लिये हम उसी 3 प्रतिशत जल पर निर्भर हैं। बढ़ते उद्योगों, खत्म होते जंगलों, ग्रीन हाउस गैस, बढ़ती जनसंख्या और बढ़ते कार्बन उत्सर्जन के कारण पर्यावरण पूरी तरह खराब हो चुका है। बढ़ते तापमान के कारण पिछले 50 सालों में समुद्री जीवों की संख्या लगभग 39 प्रतिशत तक गिरी है। प्रो सुनीता मिश्रा ने जनजातीय लोगों के पारंपरिक खानपान और उसमें पाए जाने वाले पोषक तत्वों के विषय में जानकारी दी। उन्होंने ओड़िया के जनजातीय लोगों के खानपान पर आधारित अपनी शोध के ?रिए बताया कि कैसे अभी भी वे लोग अपने पारंपरिक तरीकों पर ही निर्भर हैं। वहाँ की महिलाएं और बच्चे अपना पारंपरिक खाना ही खाते हैं और वे सभी स्वस्थ्य हैं। उन्होंने बताया की जनजातीय लोग ज्यादातर हरी सब्जियों और अपने विशेष मसालों का ही प्रयोग करते हैं।

TOI PAGE 3

Highest in 3 yrs: LU gets 28,500 applications for 4,717 PG seats

TIMES NEWS NETWORK

Lucknow: Lucknow University (LU) has received highest number of applications for admission to its postgraduate courses in the last three years.

For admission to 4717 seats, LU has received 28,504 application forms. While in 2021, the total applications received were 24684 and in 2020 as many as 19,664 had applied for various post graduate courses. According to university officials, with more LU-affiliated colleges opting for the university's centralised PG admission the number of applications has gone up.

Also, with the university getting A++ in the National Assessment Accreditation Council (NAAC) grading it has become the first preference for candidates.

Maximum applications of 2504 have been received for LLM followed by 1675 for MEd and 1581 for MCom courses.

Officials said the toughest fight will be for admission in MEd as against 20 seats, 1675 applications have been received which means 83 candidates will compete for one seat. For admission to 60 seats in LLM, 2504 candidates have applied. It means for single LLM seat 41 candidates are in the fray. Against 180 MCom seats applications received is 1581 hence at least 8 candidates will vie for one seat.

LU PG entrance from today

TIMES NEWS NETWORK

Lucknow: The postgraduate entrance tests of Lucknow University are scheduled to begin on Saturday.

On the first day, around 1,600 candidates will write the examination in two shifts for admission to Master of Education (MEd) course.

The entrance test for admission to around 4,000 seats in over 30 courses will continue till September 17. The scores of the entrance test will be the basis for admission at LU and around a dozen LU-affiliated colleges that have opted for University's centralised admission system.

A candidate can easily reach the examination centre by scanning the barcode on the right-hand side of the admit card, said officials.

"No whiteners or electronic gadgets are allowed in the examination hall. A candidate has to reach the examination centre one hour before the scheduled time. We have received 28,138 applications for admission to PG courses," said admission coordinator Pankaj Mathur.

He said that the entrance test will have 100 objective-type questions to be answered in 90 minutes. Each question will be of 2 marks. There shall be no negative marking.

MISSION ADMISSION
BENNETT UNIVERSITY
TIMES OF INDIA GROUP

AMRIT VICHAR PAGE 5

कंबाइंड पैरा मेडिकल एंट्रेंस में 275 अनुपस्थित

लखनऊ विश्वविद्यालय में आयोजित हुई अटल बिहारी वाजपेई मेडिकल यूनिवर्सिटी की परीक्षा

अमृत विचार संवाददाता

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में शुक्रवार को अटल बिहारी वाजपेई मेडिकल यूनिवर्सिटी की कंबाइंड पैरामेडिकल एंट्रेंस एग्जाम का आयोजन किया गया। समाज कार्य विभाग के प्रो. डीके सिंह इस परीक्षा के केन्द्र अधीक्षक रहे। उपकेन्द्र अधीक्षक की जिम्मेदारी प्रो. मनोज अग्रवाल, प्रो. अनूप कुमार भारतीय, प्रो. रूपेश कुमार, डॉ रजनीश कुमार यादव, डॉ. संध्या यादव, डॉ. गरिमा सिंह, डॉ. शिखा सिंह, डॉ. ओमेंद्र कुमार यादव, डॉ. दिवाकर यादव, डॉ. अवधेश नारायण ने निभाई। विश्वविद्यालय में कुल 4 केंद्रों जेके ब्लॉक, पीजी ब्लॉक, न्यू कामर्स ब्लॉक ए व न्यू कामर्स ब्लॉक बी में कुल 2082 में से 1807 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी तथा 275 अनुपस्थित रहे। अटल बिहारी वाजपई मेडिकल यूनिवर्सिटी, लखनऊ के कुलपति प्रो. एके सिंह, रजिस्ट्रार उदय सिंह, डीन मेडिकल ऐंड डेन्टल डॉ लोकेश अग्रवाल परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण भी किया।

परीक्षा देते छात्र व छात्राएं। अमृत विचार

जल परीक्षण में सहयोग करेगा लविवि

लखनऊ। जल दोहन विकास संचयन एवं संरक्षण के लिए लखनऊ विश्वविद्यालय और भूगर्भ जल विभाग के बीच एमओयू साइन किया गया है। विश्वविद्यालय भूगर्भ विभाग के नमूना परीक्षण में सहायता देगा। प्रत्येक वर्ष 50 लाख सैम्पल टेस्ट किए जाने का लक्ष्य है। तीन वर्ष के लिए हुए समझौते में भूजल स्तर और गुणवत्ता प्रबंधन में खास भूमिका निभायी जाएगी। लखनऊ विश्वविद्यालय भूगर्भ विज्ञान विभाग का योगदान भारत की कई संस्थाओं को दिया जा रहा है। अधिकारियों के मुताबिक भूजल दोहन व शुद्धता पर्यावरणीय दृष्टि से अत्यधिक महत्वपूर्ण है, कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय ने बताया कि भूजल विभागाध्यक्ष डॉ वीके उपाध्याय ने समझौते पर हस्ताक्षर किये।

भूगर्भ विभाग के साथ किया गया एमओयू दिखाते अधिकारी। अमृत विचार

साहित्य, विज्ञान और दर्शन, वेदों में सब मिलता है

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के संस्कृत तथा प्राकृत भाषा विभाग की ओर से शुक्रवार को व्याख्यान हुआ। शिक्षक सप्ताह के अन्तर्गत हुए व्याख्यान में राष्ट्रीय शिक्षा नीति-भारतीयता की पुनर्स्थापना का प्रयास विषय पर वक्ताओं ने अपनी बात रखी। मुख्य वक्ता राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो. मनोज कुमार दीक्षित ने कहा कि विज्ञान की गूढ़ता, दर्शन की अलौकिकता ,साहित्य का अद्भुत रस इन सभी तत्वों का सम्मिलित रूप वेदों में मिलता है।